# आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन पर कब्जा

## ध्यानाकर्षण के दौरान भाजपा के वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने लगाया आरोप

**मंत्री ने दिया आश्वासन अफसर को भेजकर कराएंगे जांच**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल 1 अगस्त. भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन के भाजपा नेता गोविन्द सिंह राजपूत पर अजा-जजा वर्ग के लोगों की कृषि भूमि पर कब्जा करने और डरा-धमकाकर गलत तरीके से रजिस्ट्री कराने का आरोप शुक्रवार को सदन में ध्यानाकर्षण के दौरान जड़ा.** उन्होंने कहा कि आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन पर कब्जा किया गया है. उन्होंने इस मामले में भोपाल से अफसर भेजकर जांच कराने की मांग की, जिसे राजस्व मंत्री ने स्वीकार कर लिया. अब मामले की जांच होगी. सदन में शुक्रवार को जब विपक्ष मंत्री विजय शाह के इस्तीफे की मांग कर रहा था, उसी समय ध्यानाकर्षण की सूचना के माध्यम से भाजपा सदस्य और पूर्व मंत्री ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से खुरई विधानसभा क्षेत्र के तहत मालथौन तहसील में मालथौन, गंगउ, अण्डेला, बघेनिया सहित अन्य गांवों में अजा-जजा सहित अन्य वर्ग की कृषि भूमि को अनाधिकृत तरीके से कब्जा करने और नागरिकों को प्रताड़ित करने का मामला उठाया.



उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर एसपी कार्यालय में 5 जुलाई को प्रभावितों ने प्रदर्शन भी किया है. नागरिकों ने ज्ञापन में 25 एकड़ शासकीय भूमि पर भी दबंगों के कब्जे में होने की जानकारी दी है.

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि गोविन्द सिंह राजपूत व कब्जाधारियों की प्रताड़ना से तंग आकर 25 जुलाई 2025 को नीलेश पिता नत्थू आदिवासी मालथौन ने आत्महत्या भी कर ली है. उन्होंने बाकायदा खसरा क्रमांक का भी जिक्र किया. उन्होंने उन आदिवासियों के नाम और जमीन का खसरा, रकबा नंबर का भी उल्लेख किया कि किस जमीन पर दबंगों ने कब्जा किया है. इस पर जवाब में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने स्वीकार किया कि एक जुलाई 2025 को मालथौन थाने में गोविन्द सिंह राजपूत मालथौन के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है. मंत्री ने स्वीकार किया कि गोविन्द सिंह सहित एक-दो अन्य ने अजा-जजा की जमीन पर कब्जा कर लिया है. इस पर तहसीलदार मालथौन द्वारा कार्यवाही की जा रही है. लेकिन मंत्री ने इस बात से इंकार कर दिया कि धमकाकर नियम विरुद्ध रजिस्ट्री करा ली गई है, और जबरन रजिस्ट्री का दबाव बनाया जा रहा है. मंत्री ने जवाब में यह भी कहा कि आवेदक निलेश आदिवासी द्वारा मारपीट, दबाव बनाकर परिवार को लालच देकर न्यायालय में कथन बदलवाने की कोई रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक कार्यालय या थाना पर नहीं ली गई है. इस पर भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आदिवासियों की 500 एकड़ जमीन पर कब्जा किया गया है. जनजाति लोगों की जमीनें गलत तरीके से खरीदी गई. क्या वरिष्ठ अधिकारियों को भेजकर जांच कराएंगे. जिससे कि इस तरह की अनुमति पर रोक लगे और कोई गलत तरीके से जमीन नहीं खरीद सके. इस पर संसदीय कार्य मंत्री के हस्तक्षेप के बाद राजस्व मंत्री ने वरिष्ठ अफसर भेजकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया.

# अध्यक्ष के साथ विधायक भी हूं, फर्ज निभाता रहूंगा...

▶ प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के कटाक्ष पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने दिया जवाब

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 अगस्त.** सदन में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक हेमंत खंडेलवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में उपयंत्री और सहायक यंत्री के रिक्त पदों की जानकारी को लेकर सवाल किया. इस पर विपक्षी सदस्यों ने उन पर कटाक्ष किया. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री को कक्ष में बुलाकर भी जवाब ले सकते थे, इस पर खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ विधायक भी हूं, विधायक होने का फर्ज भी निभाता हूं. इसलिये आप भी सरकार अच्छा काम करती है तो धन्यवाद देना शुरू करो, हमेशा विरोध ही मत करो. वहीं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि ये हमारे नेता की सादगी है. भाजपा व कांग्रेस में यही अंतर है. इस पर सिंगार ने कहा कि लगता है कि प्रदेश अध्यक्ष के भी काम नहीं हो रहे हैं. इस पर खंडेलवाल ने कहा कि मेरे जिले में बहुत अच्छा काम हो रहा है, मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं. खंडेलवाल के प्रश्न के जवाब में पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने बताया कि बैतूल जिले में उपयंत्री के 22 और सहायक यंत्री के 6 पद स्वीकृत है. स्वीकृत पद के विरुद्ध 13 उपयंत्री और एक सहायक यंत्री कार्यरत है. उपयंत्री के 9 और सहायक यंत्री के 5 पद रिक्त हैं.रिक्त पदों को पदोन्नति से भरने की कार्यवाही की जा रही है. उन्होंने मंत्री के जवाब से संतुष्टि भी जाहिर की.

# वार्ड 5 में सड़क और नाली का भूमिपूजन

**बैरसिया, 1 अगस्त. बैरसिया नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड 5 जगदीश स्वामी मंदिर से मदन कुशवाह के घर ( खड़ा कुआं ) तक निर्मित होने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड ने वार्ड की कन्याओं और गौमाता की पूजा उपरांत किया.**

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़, वार्ड पार्षद राधे पटेल, पार्षदगण संजय कुशवाह, नीरज नामदेव, तखत सिंह, रवि करोसिया सहित गणमान्य नागरिक भूमिपूजन स्थल पर मौजूद थे. बता दें कि इस वार्ड के निवासी लगभग 20 साल से सड़क एवं नाली निर्माण के लिए परेशान थे. जहा नपा अध्यक्ष ने वार्ड वासियों की इस समस्या का निदान करते हुए भूमि पूजन के तुरंत बाद निर्माण कार्य चालू कराया. निर्माण पूर्ण होते ही वार्ड वासियों को गंदगी ओर सड़क पर पानी भरे रहने का समस्या से राहत मिलेगी. वार्डवासियों ने नपा अध्यक्ष को पुष्पमालाएं पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया. भूमि पूजन के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ ने कन्याओं और गौ माता की पूजन कर रोड का भूमि पूजन किया. इस अवसर पर कन्याओं के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया.



## पेंशनर्स ने मांगा 27 माह का एरियर्स

**भोपाल.** सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार से 27 माह के एरियर्स का भुगतान करने सहित अन्य समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है. मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय संयोजक एमके सक्सेना ने बताया कि प्रदेश के पेंशनर्स को वेतन का 27 माह का एरियर्स का भुगतान नहीं किया जा रहा है. 70 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स को आयुष्मान योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है. आरोप है कि पेंशनर्स के साथ भेदभाव किया जा रहा है. सक्सेना का कहना है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पेंशनर्स की मांगें मानने को तैयार हैं. लेकिन इसमें अधिकारियों द्वारा अड़ंगा लगाया जा रहा है. उन्होंने प्रदेश सरकार से पेंशनर्स को बढ़ती महंगाई से राहत दिलाने 50 प्रतिशत डीए देने, 70 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स को आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग की है.

# एनएचडीसी ने प्रदेश को ऊर्जा में बनाया आत्मनिर्भर

**भोपाल, 1 अगस्त. मध्य प्रदेश राज्य की अग्रणी जलविद्युत व सौर उर्जा उत्पादन कंपनी एनएचडीसी लिमिटेड का 26वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. मुख्य सांस्कृतिक समारोह शुक्रवार को सुभाष यादव भवन, न्यू मार्केट के सभागार मे आयोजित किया गया, जहां संगीत संध्या में कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. सांस्कृतिक समारोह में प्रसिद्ध गायिका अरुणिता कांजिलाल की संगीत की मनोरम प्रस्तुति ने समस्त उपस्थित अतिथिगणों का दिल जीत लिया.**




समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा एनएचडीसी के अध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद गोयल, एनएचडीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों सहित शासन के अन्य वरिष्ठ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ.

मुख्य अतिथि गोयल ने अपने सम्बोधन में कहा कि एनएचडीसी ने अपनी स्थापना से ही प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. उन्होंने बताया कि निगम नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के विकल्पों के माध्यम से अपनी आत्मनिर्भरता के दृष्टिगत दो जलविद्युत परियोजना एवं दो सोलर परियोजना के सफल संचालन से मध्य प्रदेश राज्य में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही है. गोयल ने मध्यप्रदेश को समृद्ध व खुशहाल बनाने व निगमीय सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत किए जाने वाले कार्यों के लिए एनएचडीसी की सराहना की. उन्होंने निगम को मध्यप्रदेश शासन से प्राप्त सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया.

इस अवसर पर राजीव जैन, प्रबंध निदेशक एनएचडीसी ने निगम की विभिन्न उपलब्धियों और देश प्रदेश हित में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा भविष्य की चुनौतियों से सभी को अवगत कराया एवं निगम के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाइयां दी.

# मप्र शिक्षक संघ ने किया पौधारोपण



**भोपाल, 1 अगस्त. मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर, भोपाल संभागीय अध्यक्ष विकास चौहान एवं क्षेत्रीय पार्षद जगदीश यादव की उपस्थिति में शा. मा. शाला चंद्रशेखर आजाद नार्थ टीटी नगर के प्रांगण में गुरु छाया पर्व के अवसर पर पौधारोपण किया गया.**

इस आयोजन में जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार अहिरवार, जिला परियोजना समन्वयक राम किशोर यादव, संकुल प्राचार्य ऊषा भदौरिया, संगठन के जिला अध्यक्ष नागेश पांडे, जिला सह सचिव पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अवनीश श्रीवास्तव, कोलार अध्यक्ष अशोक जाट, हुजूर तहसील अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, फन्दा विकासखण्ड अध्यक्ष अर्चना शर्मा, चंद्रेश चौहान, उमेश चौधरी माछीवाल आदि शामिल थे. इस आयोजन में विद्यालय में संचालित हॉस्टल के बच्चों को ट्रैकसूट का वितरण भी अतिथियों के माध्यम से कराया गया तथा कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यकारिणी सदस्य कविता निगम ने किया.

## नेमावर में निकाली कलश यात्रा

**भोपाल.** मां नर्मदा के नाभि तीर्थ क्षेत्र नेमावर में श्रावण मास में साधक संत दादा भाई के सानिध्य में शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है. शिव पुराण की कथा श्रवण मात्र से देवराज को मोक्ष हो गया. चंचुला बिंदुक का उद्धार हो गया. मां नर्मदा के तट पर सावन माह में दादाजी धूनी वाला दरबार शामला हिल से भोपाल के साधन संत गुरुदेव दादा के सानिध्य में प्रथम दिवस शिव पुराण कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास पंडित नित्यानंद तिवारी शास्त्री ने बताया कि सौभाग्यशाली वही व्यक्ति है जो संत का दर्शन और शिव महापुराण की कथा को श्रवण करें.

# स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने किया अस्पताल का लोकार्पण

**बैरसिया, 1 अगस्त. प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने शुक्रवार को ग्राम सोहाया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अमले की भारी कमी है, डॉक्टर ग्रामीण क्षेत्र में आना नहीं चाहते हैं. हम इस कमी को दूर करने प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोल रहे हैं. जब डॉक्टर्स बढ़ेंगे तो कमी स्वत: ही खत्म हो जाएगी.**



कार्यक्रम में विधायक विष्णु खत्री ने कहा कि सोहाया गांव में तीन करोड़ रुपये की लागत से यह सर्व सुविधायुक्त 6 बिस्तरीय अस्पताल भवन बनकर तैयार है. इससे इस क्षेत्र के करीब 20 गांवों की जनता को लाभ मिलेगा. यहां प्रसव ओर सर्प दंश पीड़ितों को इलाज मिलेगा. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तीरथ सिंह मीणा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट, जनपद अध्यक्ष लता कुबेर सिंह गुर्जर, सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा, सीबीएमओ डॉ पुष्पा गुरु, जनपद सदस्य धनवाई महेन्द्र सिंह धाकड़, सरपंच जवाहर सिंह यादव, पूर्व सरपंच विनोद साहू सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टॉफ और ग्रामीण जन मौजूद थे.

## श्रद्धालुओं ने गणेश अवतार धूमधाम से मनाया

**भोपाल, 1 अगस्त.** आईटी पार्क में चल रही शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस शुक्रवार को कथाव्यास आशीष शुक्ल महाराज ने बताया करोड़ों जन्मों के जब पुण्य उदय होते हैं, तब जाकर कहीं श्रावण मास में शिव महापुराण कथा का अवसर प्राप्त होता है. सतयुग त्रेता में जो अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता था, वही कलयुग में एक बार शिव महापुराण कथा से फल प्राप्त हो जाता है. शिव पार्वती विवाह के पश्चात भोले बाबा जब कैलाश पर्वत पर आए तब भोले बाबा समाधि लगाकर बैठ गए गृहस्थ धर्म में प्रवेश करने से पहले साधना करनी पड़ती है, भोले बाबा ने सारी दुनिया को यह उपदेश दिया है.

कथा व्यास ने बताया 10 इंद्रियों में दो इंद्रियां बड़ी खतरनाक हैं, एक का नाम रसना और दूसरी का नाम वासना और कलयुग में जिसने भी रसना और वासना पर कंट्रोल कर लिया उसको शिवलोक की प्राप्ति हो जाती है. इस अवसर पर कार्तिक भगवान का अवतार गणेश अवतार धूमधाम से मनाया गया. कथा के मुख्य यजमान पूरन चौरसिया थे.

**पश्चिम मध्य रेल**

**सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू सी/419 आरटी 3 एवं 460 दिनांक 31.07.2025**

**खुली ई-निविदा**

वरि मंडल विद्युत इंजी/टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 11:00 बजे तक ई-टेन्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा मे कोई आवश्यक संशोधन यदि जरुरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/419 आरटी 3, **कार्य का विवरण :** भोपाल डिवीजन : प्रोविसन ऑफ औक्सिलरी ट्रांसफार्मर सप्लाई एट 16 लेबल क्रासिंग (एल सी) गेटस इलेक्ट्रिफाइड विथ सोलर (इलेक्ट्रिकल टी आर.डी एंड जनरल वर्क), **कार्य समाप्त करने की अवधि :** 6 माह, **अनुमानित लागत रु मे :** 36,05,714.71, **ईएमडी रु में :** 72,100.00 ,**निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/460, **कार्य का विवरण :** रिकंडिशनिंग ऑफ एक्साइटिंग अर्थिंग पिट (स्टेशन) ओवर भोपाल डिविजन, **कार्य समाप्त करने की अवधि :** 9 माह, **अनुमानित लागत रु मे :** 6944856.80, **ईएमडी रु में :** 138900.00, **उपरोक्त सभी निविदा में जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय :** 22.08.2025 को 11.00 बजे तक,

(हस्ता)

कृते वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर, टीआरडी
पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# आज प्रथम मुख्यमंत्री शुक्ल की जन्म जयंती मनेगी

▶ विधानसभा में पहली बार होगा नवाचार

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 1 जुलाई. प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जन्म जयंती विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि सभा के साथ मनाई जाएगी.**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर यह नवाचार करने का निर्णय विगत दिवस मानसून सत्र में कार्यमंत्रणा समिति में लिया गया. इस परंपरा की शुरूआत 2 अगस्त को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जन्म जयंती के साथ होगी. यह कार्यक्रम प्रात: 10.30 बजे सेंट्रल हॉल में होगा. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रिगण के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के विशेष आमंत्रण पर स्व. पं. रविशंकर शुक्ल के पौत्र पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल मौजूद रहेंगे. इसी क्रम में आगामी 3 अगस्त को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बेरिस्टर गुलशेर अहमद की जयंती भी विधानसभा के सेंट्रल हॉल में मनाई जाएगी.



## सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक

**भोपाल.** राजधानी के कबीटपुर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 13 शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा सवा लाख पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया. इसके पूर्व कलश यात्रा भोलेनाथ मंदिर रेजीमेंट रोड से प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची. जहां धार्मिक अनुष्ठान में यात्रा बदल गई. यह पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम पार्षद मनोज राठौर द्वारा आयोजित किया गया है.

## देश के विख्यात मानवशास्त्री विकास भट्ट का निधन

**भोपाल.** देश के विख्यात मानवशास्त्री और मानव संग्रहालय के पूर्व प्रभारी निदेशक विकास भट्ट का निधन हो गया. वे 74 वर्ष के थे. उनके परिवार में उनकी पत्नी एवं एक पुत्र है. वे भारतीय मानव शास्त्रीय सर्वेक्षण में 1977 से कार्यरत थे. इसके बाद मानव संग्रहालय में अप्रैल 1979 को डिप्टी कीपर के पद पर ज्वाइन किया. संग्रहालय में वे दो बार प्रभारी निदेशक रहे.

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, बैरसिया, जिला भोपाल म .प्र .**

टेलीफोन नं. 07565-282231, फैक्स नं. 07565-282231

ई-मेल :- cmoberasia5@gmail.com, ई-मेल :- cmobarisia@mpurban.gov.in

क्रमांक/1862/राजस्व/2025 — बैरसिया, दिनांक 1/8/25

**नामांतरण सूचना**

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् बैरसिया को निम्नलिखित सूची अनुसार नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 151 के अंतर्गत भवन/ भूमि का नामांतरण किया जाना है. यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वो 30 दिवस के अंदर कार्यालय में लिखित में सूचित करें, अन्यथा समयावधि पश्चात कोई वाद मान्य नहीं होगा.

**नामांतरण प्रकरणों की सूची**

| क्र. | भवन/भूमि क्रेता का नाम | भवन/भूमि विक्रेता का नाम | भवन/भूमि | भवन/भूमि स्थल का पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कन्छेदीलाल आ. श्यामलाल कुशवाह | पारिवारिक बंटवारा | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 09 बैरसिया |
| 2. | सुमत प्रकाश जैन आ. छोगम जैन | गोपाल आ. हरकिशन | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 12 इब्राहिमपुरा झौरा बैरसिया |
| 3. | अनीता सोनी पत्नी महेश कुमार | प्रकाश नारायण सक्सेना आ. पुत्तूलाल सक्सेना | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 3 बड़ा मंदिर बैरसिया |
| 4. | मलथा कुशवाह आ. नोनितराम | स्वयं की कृषि भूमि | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 01 बैरसिया |
| 5. | मुकेश आ. नोनितराम | स्वयं की कृषि भूमि | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 01 बैरसिया |
| 6. | मुग्गालाल आ. नोनितराम | स्वयं की कृषि भूमि | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 01 बैरसिया |
| 7. | अर्पित सोनी आ. सुरेश कुमार सोनी | वजीह उद्दीन आ. बसीम उद्दीन अहमद खां | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 14/18 बैरसिया |
| 8. | राजकुमारी कुशवाह पत्नी नितेश कुशवाह | महेन्द्र सिंह, गोविन्द सिंह, बहादुर सिंह, श्याम सिंह, रजनी बाई पिता धनवीर सिंह | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 05 खुटियापुरा बैरसिया |
| 9. | सुशीला बाई वेबा कल्लू कुशवाह | फौती नामांतरण | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 01 मेंहगीपुरा बैरसिया |
| 10. | सोहेल कुरैशी आ. सईद कुरैशी | पारिवारिक बंटवारा | आवासीय भूखंड | वार्ड नं. 07 मारवाड़ी रोड बैरसिया |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्, बैरसिया**

**कार्यक्रम ▶ आईआईएफएम में इंडिया रूरल कोलोक्वि का आयोजन**

# टकराव से नहीं, सुधार से मजबूत होगा समाज : पटेल

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 1 अगस्त. शहर में ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया के द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट मैनेजमेंट (आईआईएफएम) में शुक्रवार को इंडिया रूरल कोलोक्वि का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में ग्रामीण परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा, संवेदनशीलता और सामाजिक जुड़ाव पर चर्चा की गई.**



कार्यक्रम में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि खुशहाली सिर्फ भौतिक संसाधनों से नहीं आती, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग व उसका नियोजन करना से भी आती है. मंत्री पटेल ने कहा मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा नदियों का उद्गम स्थल है, फिर भी आज पानी की कमी मौजूद है. हमें प्रकृति की असुंतलन को रोकना होगा और प्रकृति के मूल को बनाये रखना होगा, क्योंकि जहां उद्गम होता है, जीवन की उम्मीद भी वहीं होती है. ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति पर बात करते हुए मंत्री ने कहा समाज टकराव से नहीं, बल्कि सुधार से मजबूत होगा.

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित जनक पल्टा थीं. उन्होंने संबोधन में महिलाओं को आगे बढ़ाने के विभिन्न प्रयासों पर चर्चा की. उन्होंने कहा चूल्हे के धुएं से भरी हुई रसोई भी महिलाओं के लिए हिंसा का एक प्रकार है. इसीलिए बहुत पहले ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर किचन के निर्माण पर जोर दिया था. जिसको सीखने न केवल महिलाएं, बल्कि पुरुष समाज भी अब आगे आ रहे हैं. कार्यक्रम में लगभग 40 गांवों की सरपंच महिलाओं ने ऑनलाइन जुड़कर भागीदारी की.

सरपंच रेशमा निनमा महिला विकास, ग्राम पंचायत नागरिक सुरक्षा, पेंशन सुरक्षा से संबंधित कई विषयों पर बात रखते हुए नई नीति और योजनाएं बनाने का आग्रह किया है. कार्यक्रम में ग्रामीण परिवेश की संरचना, महिलाओं और बच्चों की सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच, सुरक्षा और गतिशीलता के महत्व पर जोर दिया गया. कार्यक्रम में प्रदेश के नीतिनिर्धारण करने वाले राज्य शासन के वरिष्ठ मंत्री, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ शासकीय अधिकारी, अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों विशेषकर ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया. आईआईएफएम और टीआरआई द्वारा आयोजित पूरे कार्यक्रम में महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति के साथ ज्ञान और कार्यात्मक क्षेत्र में विशेष चर्चा की. कार्यक्रम में डॉ. के रविचंद्रन डायरेक्टर आईआईएफएम, डॉ. पीके विश्वास, अलीवा दास, राजेश सिंह, जितेंद्र, नेहा आदि मौजूद रहे.